हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–196 : जौनपुर, शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## आजमगढ़ में तय समय से पहले पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी

आजमगढ़ ब्यूरो : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को निर्धारित समय से लगभग आधा घंटा पहले ही आजमगढ़ पहुंच गए। हेलीपैड पर उतरने के बाद उनका काफिला हरिहरपुर गांव के लिए रवाना हुआ। यहां गृहमंत्री और सीएम ने संगीत घराने के कलाकारों व ग्रामीणों से मुलाकात कर हालचाल पूछा। साथ ही संगीतकार आदर्श मिश्रा के परिजनों से भी गृहमंत्री व मुख्यमंत्री ने मुलाकात की। गृहमंत्री और सीएम योगी नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में रिकॉर्ड संख्या में भीड़ उमड़ी है। 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक है। जिसे देखते हुए सीएम के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का यह दौरा बहुत खास है। आजमगढ़ से ही आज अमित शाह पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव बिगुल फूंकेंगे। 2019 का लोकसभा चुनाव हो या फिर 2022 का विधानसभा चुनाव गृहमंत्री अमित शाह ने आजमगढ़ से ही पूर्वांचल में चुनावी जनसभाएं शुरू की थी। प्रोटोकॉल के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 3.55 बजे कार्यक्रम स्थल नामदारपुर में बने हेलेपैड पर उतरना था। निर्धारित कार्यक्रम से लगभग आधा घंटा पूर्व 3.15 पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो 3.16 मिनट पर गृहमंत्री अमित शाह का उड़नखटोला नामदारपुर में बने हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद गृहमंत्री



व मुख्यमंत्री कार द्वारा हरिहरपुर गांव के निरीक्षण के लिए निकल पड़े। दोनों नेताओं ने गांव में पहुंच कर सबसे पहले हरिहरपुर संगीत घराना से जुड़े कलाकारों से बात की। इसके बाद संगीतकार आदर्श मिश्रा के परिजनों से मिल कर ढाढस बंधया। इतना ही नहीं गांव में संगीत महाविद्यालय के लिए चिन्हित जमीन को भी देखा और ग्रामीणों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। इसके बाद गृहमंत्री व मुख्यमंत्री का काफिला कार्यक्रम स्थल नामदारपुर के लिए रवाना हो गया। जहां गृहमंत्री व मुख्यमंत्री विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## लग्जरी ट्रेन महाराजा एक्सप्रेस पहुंची बनारस विदेशी मेहमानों का शाही अंदाज में हुआ स्वागत

वाराणसी ब्यूरो : दुनिया की सबसे महंगी ट्रेनों में से एक और देश की देश की सबसे लग्जरी ट्रेन महाराजा एक्सप्रेस शुक्रवार को बनारस रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन से उतरे 38 विदेशी मेहमानों का बिल्कुल बनारसी अंदाज में स्वागत किया। पारंपरिक तरीके से ढोल–नगाड़े बाजार कर और फूल बरसा कर उनका तिलक किया गया। इसके बाद सभी शहर के भ्रमण पर निकले। देश की सबसे लग्जरी ट्रेनों में शुमार यह ट्रेन भारत के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों पर जाती है। उसी क्रम में आज महाराजा एक्सप्रेस बनारस स्टेशन पहुंची। इससे पहले बीते 17 फरवरी को को भी महाराजा एक्सप्रेस का वाराणसी आगमन हुआ था। शुक्रवार को महाराजा एक्सप्रेस से 38 विदेशी पर्यटकों का दल बनारस रेलवे स्टेशन पर 11:30 बजे पहुंचा। आईआरसीटीसी के अधिकारियों ने पर्यटकों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। रेड कार्पेट पर विदेशी मेहमानों का स्वागत हुआ। आतिथ्य पंरपरा को देख



पर्यटक अभिभूत नजर आए। स्टेशन से सभी विदेशी मेहमानों का काफिला नदेसर स्थित एक होटल पहुंचा। यहां लंच के बाद सारनाथ रवाना हो गए। विदेश मेहमान शाम में गंगा आरती देखेंगे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह की अध्यक्षता में नगर पालिका इंटर कॉलेज जौनपुर संपन्न हुई जिसमें मूल्यांकन बहिष्कार आंदोलन तथा उसके बाद की परिस्थितियों पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक का संचालन करते हुए जनपद मंत्री प्रमोद कुमार सिंह ने आंदोलन से जुड़े बिंदुओं, मुख्यमंत्री एवम शासन से वार्ता को शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसपर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह एवम् प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह तथा संगठन से जुड़े शिक्षकों ने अपने विचार रखे। अन्त में प्रांतीय अध्यक्ष एवम् पूर्व शिक्षक विधायक चेतनारायण सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बड़ी संख्या में उपस्थित प्रिंट तथा इलेक्ट्रोनिक मीडिया कर्मियों के समक्ष मुख्यमंत्री से वार्ता तथा मूल्यांकन बहिष्कार आंदोलन के स्थगन के बाद प्रमुख सचिव से वार्ता के विभिन्न मुद्दों , उसपर आश्वासन तथा क्रियान्वयन को लेकर अपनी बात रखी ।प्रदेश अध्यक्ष ने अपने प्रेस कांफ्रेंस में सरकार एवम शिक्षा प्रशासन के प्रतिनिधि के दीपक कुमार ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आपके संघर्ष एवम् पीड़ा से हम सभी अवगत हैं ।जिनका विज्ञापन या चयन यदि 28 मार्च 2005 से पूर्व से हुआ है तथा जो विषय विशेषज्ञ हैं उनको शीघ्र ही पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाएगा। इस बात पर भी सहमति बनी



की 2018 से धारा 16 ई 11 के विलोपन से पूर्व के तदर्थ शिक्षकों को जिनको वेतन मिल चुका है उनको वेतन देने का रास्ता बनाते हुए स्थाई बनाने का प्रयास किया जाएगा। वित्तविहीन को कुशल श्रमिक का मानदेय देने के लिए की व्यस्था की जाएगी। इस अवसर पर संबोधित करने वालों में दिनेश चक्रवर्ती, राम प्रकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह, संजय कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, प्रदीप कुमार, भूपेंद्र कुमार, जियालाल बिंद, राजकुमार, राजेश यादव, राजनारायण सरोज, इंद्रजीत सिंह ,देवेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र, सुजीत चौरसिया, सुनील कुमार, प्रदीप सिंह, स्वतंत्र सिंह, देवेंद्रनाथ, शैलेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह, अखिलेश चंद्र, धनंजय सिंह घनश्याम यादव ,दीपक कुमार ,रामकृष्ण यादव सौरभ श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, बृजेश सिंह ,मनोज सिंह ,अर्जुन यादव आदि रहे।

## गांधीनगर शिक्षक सम्मेलन में होगा लाखों शिक्षकों का जमावड़ा– उमाशंकर सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह की उपस्थिति में मुफ्तीगंज ब्लाक के भव्य त्रैवार्षिक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में सर्वसम्मति से सतीश पाठक को ब्लाक अध्यक्ष और रामकृ पाल यादव को ब्लाक मंत्री चुना गया। इससे पूर्व सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यअतिथि प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह एंव विशिष्ट अतिथि निवर्तमान ब्लाक प्रमुख मुफ्तीगंज विनय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में उपस्थित भारी संख्या में शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय मंत्री उमाशंकर सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का त्रिवार्षिक सम्मेलन इस बार 11 से 13 मई तक गुजरात के गांधी नगर में आयोजित किया गया है जिसमें देश के लाखों शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को विभाग द्वारा 8 मई से 16 मई तक अवकाश भी मिलेगा। सम्मेलन में 12 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि निवर्तमान ब्लाक प्रमुख मुफ्तीगंज विनय सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ न सिर्फ शिक्षक हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करता है बल्कि बेसिक शिक्षा के उत्थान के लिए भी निरंतर प्रयास करता रहता है। जिलाध्यक्ष अमित सिंह नवनिर्वाचित कार्यसमिति को शपथ ग्रहण करवाते हुए कहा कि विगत की भांति ही आगामी संघर्षो में भी जनपद जौनपुर की भागीदारी चढ़ बढ़कर रहेगी, तथा 11 मई से लेकर 13 मई तक गांधीनगर में आयोजित अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्मेलन में जनपद से पांच सौ से अधिक शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। इससे पूर्व



त्रैवार्षिक चुनाव के अधिकारी आजमगढ़ जिला मंत्री जितेंद्र कुमार राय की देख रेख में सम्पन्न हुए चुनाव में सर्व सम्मति से सतीश पाठक ब्लॉक अध यक्ष रामकृपाल यादव ब्लॉक मंत्री दशरथ राम वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु मौर्य कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा उपाध्यक्ष कामाख्या राय उपाध्यक्ष कृष्णराज सिंह उपाध्यक्ष दिवाकर चौरसिया उपाध्यक्ष शिल्पी पाठक महिला उपाध्यक्ष मोहमद फारुख संयुक्त मंत्री अरविन्द यादव संगठन मंत्री बृजेश कुमार संगठन मंत्री रोहित कुमार संगठन मंत्री ओमकार संगठन मंत्री प्रीति सिंह महिला संगठन मंत्री महेंद्र गुप्ता प्रचार मंत्री इंदु प्रकाश प्रचार मंत्री चक्रवर्ती सिंह प्रचार मंत्री चुने गए। इसी के साथ शालिनी गुप्ता को मुफ्तीगंज महिला मोर्चा का सर्वसम्मति से अध्यक्ष और प्रियंका राय को ब्लाक मंत्री चुना गया। सम्मेलन के समापन से पूर्व ब्लाक से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक राजकुमार पाठक एवं आयशा सुल्ताना को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन कमलेश खटवानी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह कोषाध्यक्ष रोहित यादव संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी अतुल प्रताप सिंह जिला मंत्री पूमा मनीष सोमवंशी रामसिंह राव जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह ब्लाक अध्यक्ष नूपुर श्रीवास्तव रेखा यादव मृत्युंजय सिंह डा सरोज सजल सिंह विशाल सिंह मुन्नालाल यादव स्वतंत्र कुमार धीरज कश्यप अशोक सिंह, अनिल सिंह ममता गुप्ता सहित बड़ी संख्या ब्लाक के शिक्षक / शिक्षिका उपस्थित रहे।

## मछलीशहर सांसद ने क्षेत्र के मुद्दों को लेकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी से किया मुलाकात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर लोकसभा के सांसद ने अपने क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी से मुलाकात कर पत्रक सौपा ।सांसद ने बताया कि भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत मछलीशहर, मड़ियाहूं, जलालपुर,थानागद्दी होते हुए मोढैला तक मार्ग स्वीकृत हुआ है जिस पर निर्माण कार्य अति शीघ्र और तीव्र गति करने की आवश्यकता है ।यह एक महत्वपूर्ण सड़क है जो लोकसभा के चार विधानसभाओं को जोड़ती है ।इसके अलावा बिधानसभा केराकत के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 233 का किसानो को प्रतिकर देने के संबंध में तथा चन्दवक में गोमती नदी छ भ संख्या 233 का पुल अवरूद्ध होने से आवागमन प्रभावित होने के संदर्भ में



पत्र देकर केंद्रिय मंत्री से यथाशीघ्र समाधान के लिए आग्रह किया जिसके शीघ्र निराकरण के लिए केन्द्रिय मंत्री गडकरी जी ने आश्वासन दिया।

## एसपी ऑफिस के बाहर महिला ने खुद पर डाला केरोसिन : फूल गए पुलिसकर्मियों के हाथ–पांव

आगरा ब्यूरो : मैनपुरी में नाबालिग पुत्री की बरामदगी को लेकर शुक्रवार की सुबह थाना ओंछा क्षेत्र निवासी एक महिला परिजन के साथ एसपी ऑफिस पहुंची। खुद पर मिट्टी का तेल डाल लिया, तभी कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियों ने उसके हाथ से तेल की बोतल छीन ली। सीओ सिटी महिला पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़िता से जानकारी ली। यहां का है मामला थाना ओंछा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला शुक्रवार की सुबह अपने परिजन के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। कार्यालय के बाहर उसने खुद पर मिट्टी का तेल डालना शुरू कर दिया। यह नजारा देखकर एसपी कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मी भागते हुए बाहर आए और महिला के हाथ से तेल की बोतल छीन ली। सूचना मिलने के बाद सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह महिला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। महिला ने आरोप लगाया कि थाना पुलिस उसकी अगवा हुई पुत्री को नहीं ढूंढ रही है। बेटी नहीं मिली तो दे देगी जान महिला ने आरोप लगाया कि ओंछा पुलिस आरोपियों से मिली हुई है और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पहले भी कई बार शिकायत लेकर आ चुकी है, लेकिन उसकी



कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला का कहना था कि जब तक उसकी पुत्री नहीं मिल जाती। तब तक वह नहीं जाएगी। यदि पुत्री नहीं मिली तो वह जान दे देगी। बता दें कि उक्त महिला द्वारा कुछ दिन पूर्व भी एसपी कार्यालय के बाहर खुद पर डीजल डालकर आत्महत्या की कोशिश की गई थी। सीओ सिटी ने ओंछा पुलिस से कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। वहीं महिला को भी जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## जौनपुर में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

जौनपुर सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें फरीदाबाद ग्राम सभा के अरूणपुर गांव में स्थित श्री महावीर ध



ाम पर हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें ग्राम वासियों द्वारा धाम में श्रीरामचरितमानस पाठ, कलश यात्रा श्री गौरी शंकर धाम से निकाल कर गांव और सुजानगंज बाजार में भ्रमण कराया गया कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारे लगाए जा रहे थे, भजन कीर्तन, और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ, मंदिर पर ग्राम वासियों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री हनुमान जी का दर्शन पूजन कर भंडारे में चल रहे प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी,और जय श्री राम के जयकारे लगाए गए, इस अवसर पर ग्रामवासी सहित हनुमान भक्त मौजूद रहे।

## हादसा : सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय सड़क दुर्घटना में घायल दिनेश यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का शव जैसे ही गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया तथा परिजनों में कोहराम मच गया। मालूम हो कि रायबरेली जनपद के ग्राम पंचायत रोखा ब्लॉक डीह निवासी दिनेश यादव पुत्र रामेश्वर यादव जो वलीपुर पूरे राम प्रसाद पांडेय में ज्ञान प्रकाश पांडेय के यहां विगत सालों से रह रहे थे दिनेश यादव 15 मार्च को सुल्तानपुर जनपद के पूरे राम प्रसाद पाण्डेय वलीपुर में मोटरसाइकिल से बाजार की ओर जा रहे थे तभी पारा की ओर से आ रही ब्रेजा कार न्द्व32 श्रच्5259 वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इस दौरान दिनेश यादव की हालत नाजुक होने की वजह से उन्हें सुल्तानपुर जिला अस्पताल से इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां युवक का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही गुरुवार की रात युवक की मौत हो गई। मौत हो जाने के बाद मातम का माहौल छा गया, उनके परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजन का चीत्कार और विलाप सुनकर हर किसी की आंखों से आंसू निकल पड़ा।

## हनुमान जन्मोत्सव पर लखनऊ में निकली झांकी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को शहर के सभी हनुमान मंदिरों में श्री हनुमान जी का बड़े धूम धाम से जन्मोत्सव मनाया गया और श्रद्धालु जनों ने कई स्थानों पर झांकियां भी निकाली। गोमती के किनारे स्थित हनुमान सेतु मंदिर, प्राचीन



संकट मोचन हनुमान मंदिर, अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर व पुराना हनुमान मंदिर, पक्का पुल के पास लेटे हनुमान मंदिर और क्लार्क अवध ा के पीछे हनुमत धाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री रामचरितमानस अखंड पाठ, सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी के मुन्नू खेड़ा क्षेत्र में स्थित आवास विकास कॉलोनी में बने हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्री हनुमान जी की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धालुजनों ने आरती भी उतारी। आयोजक अमित यादव ने झांकियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्रीमद् भागवत कथाव्यास धर्मदूत जी महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

शांति की शुरुआत मुस्कुराहट के साथ होती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अब 'हनुमान जी' करेंगे देश की हर समस्या का समाधान

भाजपा जिस नए भारत की परिकल्पना के साथ देश पर राज करने आई है और जिस तरह अपने चाल, चरित्र और चेहरे से यह संदेश बार–बार देती है कि वह जो चाहेगी वही करेगी, जैसा चाहेगी वैसा देश बनाएगी, देश की संस्कृति की अपनी परिभाषा गढ़ेगी और यहां तक कि लोकतंत्र के भी अपने मायने बताएगी।

प्रधानमंत्री मोदी या कहें कि उनकी बेहद मजबूत रिसर्च टीम किसी भी अवसर को भारतीय हिंदू संस्कृति और पौराणिक चरित्रों से जोड़ने में माहिर है। अब अगर हनुमान जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने रामचरित मानस के किष्किंधा कांड की (चौपाई कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहीं होय तात तुम्ह पाहीं) का जिक्र किया तो वह अनायास ही नहीं था। भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी को बने 44 साल हो गए और इन करीब साढ़े चार दशकों में भाजपा कहां से कहां पहुंच गई, यह दुनिया देख रही है। खासकर तब जब देश की सियासी संरचना के कुछ मूलभूत तत्व बहुत ही छिन्न–भिन्न हालत में नजर आते हों और पिछले तीन दशकों से भारतीय राजनीति में कई नई धाराएं आती जातीं और बिखरती रही हों।

भाजपा जिस नए भारत की परिकल्पना के साथ देश पर राज करने आई है और जिस तरह अपने चाल, चरित्र और चेहरे से यह संदेश बार–बार देती है कि वह जो चाहेगी वही करेगी, जैसा चाहेगी वैसा देश बनाएगी, देश की संस्कृति की अपनी परिभाषा गढ़ेगी और यहां तक कि लोकतंत्र के भी अपने मायने बताएगी, उससे साफ है कि हनुमान जयंती पर इस चौपाई के जरिये खुद की तुलना हनुमान से करने के पीछे भी वही अवधारणा है। मोदी इस चौपाई का मतलब समझाते हुए अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हैं और कहते भी हैं कि ऐसा कौन सा काम है जो हनुमान नहीं कर सकते और इसीलिए यही भाजपा की प्रेरणा भी है। यानी ऐसा कोई काम नहीं है जो भाजपा नहीं कर सकती।

***किष्किंधा कांड की यह तीसरी चौपाई है।***

**कवन सो काज कठिन जग माहीं। जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं**
**राम काज लगि तव अवतारा। सुनतहिं भयउ पर्बताकारा**

इसका मतलब साफ है कि दुनिया में ऐसा कोई कठिन काम नहीं है, जो तुमसे न हो सके और खासकर राम के किसी भी काम को करने के लिए ही तुम्हारा अवतार हुआ है। यह सुनते ही हनुमान पर्वताकार हो गए।

दरअसल प्रधानमंत्री मोदी कोई बात यूं ही नहीं कहते। उन्होंने हनुमान जयंती के बहाने पार्टी के हर कार्यकर्ता को हनुमान बनने का हौसला दिया। यानी, राम की हर आज्ञा या हर इच्छा पूरी करने का संकल्प लेने वाले हनुमान बनने की नसीहत दी। जाहिर है आज के इस कलयुगी सियासी दौर में भी राम तो एक ही होगा, बेशक हनुमान या उनकी वानर सेना अपने विशाल और वृहद रूप में नजर आनी चाहिए, जो अपने प्रभु के इशारे समझे और उसे पूरा करने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहे।

दरअसल हमारे पौराणिक पात्र बहुत मायने रखते हैं। तुलसीदास ने जब रामचरित मानस की रचना की, तब भी उन्होंने इसके हर दोहे, चौपाई, सोरठा या छंद के जरिये ये बात बताने की कोशिश की कि राम तो मर्यादा पुरुषोत्तम थे ही, लेकिन वो जैसे–जैसे बढ़ते गए, उनका कारवां बनता गया। और अगर पवनपुत्र हनुमान न होते, तो शायद राम को भी आज मौजूदा स्वरूप में न माना जाता। यानी राम और हनुमान की परिकल्पना एक दूसरे के बगैर नहीं की जा सकती।

वैसे देखें तो किसी भी पार्टी के लिए उसके कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत होते हैं। आप अपनी रणनीति बनाते रहिए, अगर आपके पास कार्यकर्ताओं की ताकत नहीं है, तो आप उसे मजबूती से लागू भी नहीं कर सकते। भाजपा इन 43 सालों में अपनी इसी ताकत के साथ बढ़ती चली गई है और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया। अबतक 18 करोड़ सदस्यों वाली भाजपा के मुकाबले कांग्रेस के सदस्यों की संख्या दो करोड़ से भी कम है। 1980 में बेशक भाजपा बनी हो, लेकिन इससे पहले भारतीय जनसंघ ने और साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अलग–अलग संगठनों ने अपना जनाधार तैयार कर रखा था। बेशक राम मंदिर आंदोलन और लालकृष्ण आडवाणी की 1990 की रथयात्रा के बाद माहौल और बना और अयोध्या आंदोलन ने भाजपा को इतना मजबूत बना दिया। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार आते आते भाजपा के सदस्यों की संख्या करीब दो करोड़ पार कर चुकी थी और मोदी सरकार आने से पहले यह छह करोड़ तक पहुंच गई थी। लेकिन पिछले नौ सालों में पार्टी ने जबरदस्त विस्तार किया और सदस्य संख्या छह से 18 करोड़ तक पहुंच गई, यानी चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से भी दोगुनी।

लेकिन कांग्रेस के कई नेताओं का मानना है कि भाजपा के जबरदस्त विस्तार की वजह खुद कांग्रेस के भीतर की कमजोरियां रही हैं, साथ ही कांग्रेस और भाजपा विरोध के नाम पर तीसरे मोर्चे जैसी ताकतों का सामने आना, गठबंधन की राजनीति और सत्ता के लिए बेमेल तालमेल का खेल का भी भाजपा ने फायदा उठाया है। बावजूद इसके अब भी कांग्रेस के तमाम नेता मानते हैं कि बेशक भाजपा संख्या के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन जाए, लेकिन जिस विचारधारा और हिंदू कट्टरवाद को लेकर वह आगे बढ़ती है वह इस देश की साझी संस्कृति को शायद बहुत दिनों तक कबूल नहीं होगा।

वहीं कम्युनिस्ट और समाजवादी खेमे के नेताओं का कहना है कि देश की जनता को बेशक लग रहा हो कि विकल्प का अभाव है या मोदी जैसा मजबूत नेतृत्व कोई और नहीं दे सकता, लेकिन जो उसकी रोजमर्रा की मुश्किलें हैं, महंगाई है, बेरोजगारी है और सबसे बड़ी बात नफरत और असुरक्षा का माहौल है, उसे लेकर भीतर ही भीतर असंतोष की चिंगारी तो सुलग ही रही है। कांग्रेस समेत इन तमाम पार्टियों को अब भी लगता है कि 2024 में कुछ कमाल हो सकता है। वह तो यह भी मानते हैं कि कर्नाटक से ही इस बदलाव की शुरुआत हो जाएगी।

जमीनी हकीकत पर गौर करें, तो फिलहाल ऐसा होता नहीं दिख रहा। यह बात कांग्रेस के साथ कम्युनिस्ट और समाजवादी पार्टी के नेता भी दबी जुबान से स्वीकारते हैं लेकिन यह बात वह खुल कर नहीं कर सकते।

भाजपा के स्थापना दिवस पर मोदी ने जिस तरह के संदेश दिए और जो संकेत दिए हैं, उसके खास मायने हैं। खासकर तब जब पूरा देश हनुमान जयंती के रंग में रंगा है और हर ऐसे उत्सव और शोभायात्राओं के अपने सियासी मायने होते हों। अब सबकी निगाह भाजपा के राम और हनुमान पर है कि देखें ये 2024 में क्या गुल खिलाते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# भारत में नवप्रवर्तन के लिए चुनौतियां और अवसर पर एक विशेष अधिवेशन आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अंबालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, द्वारा ०६ से ०८ अप्रैल, २०२३ को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ब्व्प्—2023) के अंतर्गत भारत में नवप्रवर्तन के लिए चुनौतियां और अवसर पर एक विशेष अधिवेशन आयोजित किया गया। ६ अप्रैल के सम्मेलन का उदघाटन मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक के डिप्टी सीएम के भाषण के साथ हुआ। विधायक रामपुर खास आराधना मिश्रा, सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आख्यान इस सम्मलेन की उपलब्धि रही स श्री पाठक ने शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार पर अपने विचार रखे। अम्बालिका के अधिशाषी निदेशक अम्बिका मिश्रा ने सभी मौजूदा गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्थान के अध्यक्ष बी के मिश्रा का सन्देश भी पढ़ा गया। प्रोफ. वी के सिंह उप कुलपति गंगा सिंह बीकानेर ने अपने उद्बोधन में नवाचार के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। डॉ. ए के मिश्रा, प्रोफ. एमिरेट्स मोती लाल नेहरू नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने नवप्रवर्तन के मार्ग में आ रही समस्याओं का वर्णन किया। प्रोफ मोहित गंम्भीर, आई आई टी जोधपुर, जो भारत सरकार में नवाचार पर सलाहकार रह चुके हैं एवं नवाचार की कई परियोजनाओं पर कार्य कर चुके हैं तथा नव प्रवर्तन के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित हस्ताक्षर हैं अमेरिका से ऑनलाइन जुड़े एवं उन्होंने नवाचारजनित परियोजनाओं के वित्तीय पोशन विषय पर विस्तृत चर्चा की। एकनॉमिस्ट मिस्टर आमिर रजा ने फूड टेक्नोलॉजी पर यु. के. से ऑनलाइन कनेक्ट होकर अपने विचार साझा किये। लखनऊ विश्व विद्यालय के प्रोफ पुनीत मिश्रा का उद्बोधन प्रतिभागियों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। कंप्युटर सोसाइटी ऑफ इंडिया लखनऊ चौप्टर से विनय कुमार जौहरी, टपबम चेयरमैन ने सहभागिता सुनिश्चित की। उद्घाटन सत्र के समापन पर संसथान के निदेशक डॉ आशुतोष द्विवेदी एवं अतिरिक्त निदेशक डॉ श्वेता मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किआ गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफ रवि शंकर मिश्रा, डॉ पंकज प्रजापति प्राचार्य डिप्लोमा एवं डॉ अवनीश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति का 85वा क्रांति वांशिक अधिवेशन संपन्न

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति का 85वा क्रांति वांशिक अधिवेशन कार्यक्रम 4 अप्रैल 2023 दिन को लोक निर्माण स्थान विश्वेश्वरप्या आडिटोरियम PWD राजभवन ,(गेट स0 2 ,) के सामने लखनऊ ,(उ० प्र०) में मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री एवं समिति के पदेन अध्यक्ष माननीय श्री असीम अरुन जी रहे और विशिट अतिथि न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा , पूर्व कमिश्नर श्री आर एस व.र्मा जी समिति के उपाध्यक्ष व चेयरमैन श्री कमलेश श्रीवास्तव जी ने किया आर्य समाज pratinkdhi प्रमुख देवेंद्र पाल शर्मा व मंत्री पंकज जायसवाल गोरखपुर प्रभारी हरी शंकर सिंह रहे व उत्तर प्रदेश के प्रांतीय सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव के द्वारा संचालित किया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन और अपने उद्बोधन में कहा कि योगी जी ने अपराध और गुंडागर्दी की कमर तोड़ दी है अमृत काल में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति को मंथन करने की चुनौतियां के



लिए तैयार होना होगा साइबर क्राइम अपराध जैसी चुनौतियों के लिए नागरिकों को जागरूक करना होगा माननीय असीम अरुण जी ने कहा कि समाज कल्याण की जो योजनाएं हैं उनको क्रियान्वित कराने के लिए तैयार रहें इस अवसर पर सेवा पथ पत्रिका का विमोचन करते हुए अपने आशीष वचनों से उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया सहाना किया कार्यक्रम संचालन डॉक्टर प्रभाकर त्रिपाठी जी के द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्था के सचिव संतोष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया इस कार्यक्रम में 75 जिले से आए प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता की।

# निकाय चुनाव को लेकर असामाजिक तत्वों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : संडीला कोतवाली में शुक्रवार को स्टाफ मीटिंग कर इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने अपने अपने क्षेत्र में अपराधिक व्यक्तियों पर निगरानी करने के दिए निर्देश दिए। निकाय चुनाव 2023 का बिगुल बजते ही पुलिस सतर्क हो गई है। चुनाव सेल का गठन किया गया है।। चुनाव सेल का गठन किया गया है। संडीला कोतवाल दिलेश कुमार सिंह ने बताया किअसामाजिक तत्वों की कुंडली खंगाली जा रही है, ताकि मतदान से पहले शिकंजा कसा जा सके। निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराना पुलिस–प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। पिछले तीन निकाय चुनावों का पुलिस रिकार्ड खंगाल रही है। चेयरमैन व सभासद पद के प्रत्याशी व उनके समर्थक कौन–कौन रहे। किसके बीच लड़ाई, झगड़ा हुआ? पुलिस ने क्या कार्रवाई की ? इसका ब्योरा जुटाया



जा रहा है। अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि निकाय चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी कराया जाएगा। चुनाव सेल का गठन किया गया है। असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा जाएगा। यदि किसी ने चुनाव में गड़बड़ी करने का प्रयास किया तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सर्वाइकल कैंसर विषय पर जिला महिला चिकित्सालय हरदोई में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय हरदोई के तत्वाधान में तहसील सदर के अंतर्गत जिला महिला अस्पताल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला जज/सचिव सुधाकर दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।अपर जिला जज ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के वारे में जानकारी देते हुए कहा कि गरीब, असहाय तथा जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराया जाता है।उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित परिवार को दी जाने वाली क्षति पूर्ति योजना के वारे में तथा आगामी 13 मई 2023 में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी रजामंदी के आधार पर मामलों का निस्तारण कराये जाने पर भी चर्चा की।सर्वाइकल कैंसर के विषय पर डॉ आयुषी ने जानकारी देते हुए कहा कि हाथ पैरों में कमजोरी और सूजन ,चलने फिरने में दिक्कत होना ,गर्दन में झटका ऐठन होना,महिलाओं के आँचल में दर्द होना तथा महिलाओं के गुप्तांग से सफेद पानी आना आदि ऐसे लक्षण होने पर



तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा समय–समय पर टीकाकरण कराएं।डॉ. विनोद कुमार गुप्ता द्वारा भी सम्बंधित विषय पर जानकारी दी गयी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जे, के, वर्मा, डॉ, शालनी पटेल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लिपिक अभिषेक अवस्थी, लीगल एड, क्लीनिक दिनेश कुमार ,श्यामू सिंह, पी, एल, वी, कीर्ति कश्यप, रिंकू सिंह, अन्य चिकित्सक व कर्मचारीगण एवं अधिक संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# बच्चों ने डॉ0 कलाम जैसा वैज्ञानिक बनने का संजोया सपना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय लैब मौजूद हैं। जिनमें छात्रों से लेकर रिसर्च स्कॉलर घंटों प्रयोग में लगे रहते हैं। कोई रोबोट बनाने में जुटा रहता है तो कोई थ्री डी प्रिंटर पर काम करता है। अक्सर इन लैब को देखने कॉलेज और स्कूल के बच्चे आते हैं। गुरूवार को गर्वनमेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल दुगौना हरदोई के नौवीं और दसवीं के बच्चों के लिए खास दिन था। अपने शिक्षकों के साथ आये बच्चों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न लैब को देखा। लैब को देख चमक उठी आंखें क्लासरूम, शिक्षक, लेक्चर और किताब के डेली रूटीन से अलग बच्चे जब लैब पहुंचे तो उनकी आंखें चमक उठीं। बच्चे लैब के विभिन्न हिस्सों को बड़ी गंभीरता से देख रहे थे। हर एक चीज की जानकारी बारीकी से पूछ रहे थे। इस दौरान बच्चों ने एडवांस फैब्रिकेशन लैब, आइडिया लैब, थ्री डी प्रिंटिंग लैब, गूगल कोडिंग लैब, फाइबर सेमुलेशन, रोबोटिक्स, इंडस्टियल ऑटोमेशन, सेंसर लैब, लेजर लैब आदि का निरीक्षण किया। बच्चों ने थ्री डी प्रिंटिंग से किस तरह मॉडल बनाये जाते हैं कि जानकारी ली। साथ ही आइडिया लैब को करीब से जाना। लैब देखने के बाद ऐसा लगा जैसे बच्चों को भविष्य की राह मिल गयी हो। कोई डॉ0 कलाम जैसा बनने के सपने बुनने लगा तो कोई इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम करने को आतुर दिखा।



माननीय कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय ने कहा कि छोटे बच्चों के लिए इस तरह का अनुभव बहुत जरूरी है। ऐसी जगहों पर आने से बच्चों कि दिशा बदल जाती है। बच्चे न केवल बहुत कुछ नया सीखते हैं बल्कि उनके सपने भी बड़े हो जाते हैं। इस दौरान इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने बच्चों को लैब के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, वंदना शर्मा ने बच्चों को इनोवेशन के बारे में बताया। लाइब्रेरी भी पहुंचे बच्चे निरीक्षण के क्रम में बच्चे विश्वविद्यालय की डिजिटल लाइब्रेरी भी पहुंचे। वहां बच्चों ने लाइब्रेरी के बारे में जानकारी ली। मसलन किस तरह की किताबें हैं और डिजिटल लाइब्रेरी पर कैसे किताबों को पढ़ा जा सकता है इस बारे में भी पूछा। बच्चों के साथ उनके शिक्षक प्रदीप कुमार, राकेश कुमार और इंतजार अहमद भी आये थे।

# कलयुग में श्री हनुमान जी का नाम जाप सभी संकटों से बचाने वाला है –डॉ. दिनेश शर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, प्रताप मार्केट'' के तत्वाधान में प्रताप मार्केट, अमीनाबाद स्थित राम मंदिर में व्यापारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से भव्य तरीके से मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे तथा श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की तथा इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, उत्तर प्रदेशआदर्श व्यापार मंडल, प्रताप मार्केट अध्यक्ष बलबीर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष अनिल गुलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री ओपी सिंह नारंग,उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, संरक्षक जेपी गुप्ता भी मौजूद रहे तथा हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर'' उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, प्रताप मार्केट'' के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा भारी संख्या में मौजूद महिलाओं ने हनुमान जी का भजन कीर्तन एवं गुणगान किया। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्वउप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कलयुग में हनुमान जी का नाम जपने से सभी संकटों से छुटकारा प्राप्त हो जाता है श्री राम जी की



पूजा के बाद श्री हनुमान जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा हनुमान जी को सीता जी का आशीर्वाद प्राप्त है वह अजर अमर है और आज भी पृथ्वी पर हैं ऐसी मान्यता है उन्होंने हनुमान जी का वर्णन करते हुए उपस्थित व्यापारियों एवं जनसमूह को कई दृष्टांत सुनाये तथा राम जी, लक्ष्मण जी, सीता जी एवं हनुमान जी की मूर्तियों की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल,प्रताप मार्केट'' के पदाधिकारियों ने डॉ दिनेश शर्मा एवं उत्तर प्रदेशआदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को अंग वस्त्र एवं राम दरबार की प्रतिमा भेंट किया। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने इस अवसर पर सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रताप मार्केट एवं राजधानी के अन्य बाजारो के व्यापारियों और नागरिकों ने हिस्सा लिया।

## अपोलोमेडिक्स अस्पताल में हुए 6 महीने में पांच सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ ने एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अस्पताल में छह महीने के भीतर पांच बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) सफलतापूर्वक किए गए। इसमें से एक जटिल एलोजेनिक ट्रांसप्लांट भी शामिल है। अपोलोमेडिक्स के विशेषज्ञों की टीम ने इन ट्रांसप्लांट को एक चुनौती की तरह लिया और बहुमूल्य जीवन बचाने में जबरदस्त सफलता हासिल की है। 6 महीने में पांच बीएमटी सफलतापूर्वक करना और मरीजों को सर्वोत्तम देखभाल और उपचार प्रदान करने के लिए अस्पताल की अटूट प्रतिबद्धता के लिए एक बहुत बड़ा मील का पत्थर साबित हुआ। टीम के असाधारण कौशल, समर्पण और दृढ़ संकल्प का भी इस उल्लेखनीय उपलब्धि में बड़ा योगदान दिया है। अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ मयंक सोमानी ने कहा, ''इतने कम समय में इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए मैं टीम को हार्दिक बधाई देता हूं। टीम के हर सदस्य की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के बिना ये उपलब्धियाँ संभव नहीं हैं। मुझे टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण पर गर्व है और मुझे विश्वास है कि इस प्रकार के असाधारण कार्य से हम राज्य में ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होंगे।'' हेमेटोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सुनील दबड़घाव ने एलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रक्रिया की जटिलता पर अपना दृष्टिकोण भी बताया। उन्होंने कहा, ''ये प्रक्रियाएं अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण हैं और ऐसे ट्रांसप्लांट के लिए अत्यधिक कौशल और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रत्येक ट्रांसप्लांट अपनी जटिलताओं के साथ अनूठी चुनौतियों भी प्रस्तुत करता है। हालांकि, पूरी प्रक्रिया की सफलता हर स्थिति और प्रत्येक रोगी के लिए अलग होती है। उन्होंने बताया कि ऐसा ही एक मामला 38 साल की महिला का था। उसे एक्यूट मायलोजेनस ल्यूकेमिया के साथ हमारे सामने पेश किया। कीमोथेरेपी के बाद रोग फिर से शुरू हो गया था और इसे नियंत्रित करने के लिए डॉक्टरों ने मरीज और उसके परिवार को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बारे में परामर्श देने का फैसला किया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि मरीज में 40 फीसदी ब्लास्ट सेल्स (कैंसर सेल्स) थे। इससे पता चला कि वह हाई रिस्क कैटेगरी में आ गई है। मरीज के लिए उसके सगे भाई में एक आदर्श डोनर मैच मिला, जिसने ट्रांसप्लांट के लिए अपनी स्टेम सेल दान की थी। मरीज को 21 दिनों के बाद छुट्टी दे दी गई। 30वें दिन फॉलो–अप टेस्ट के दौरान हमने पाया कि डोनर सेल 100 फीसदी सक्रिय थी। आने वाले कुछ और महीनों तक रोगी फिलहाल फॉलो–अप में रहेगा। सांख्यिकीय रूप से कहा जाए तो, गैर–घातक स्थिति के लिए एक एलोजेनिक प्रत्यारोपण करने वाले रोगियों से संबंधित डोनर मैच के साथ 70 से 90 फीसदी और एक असंबंधित डोनर के साथ 36 से 65 फीसदी की सफलता दर थी। डॉ. प्रियंका चौहान, कंसल्टेंट हेमेटोलॉजी – ऑन्कोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट ने कहा, ''दुनिया भर में बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन के आंकड़े बताते हैं कि केवल 30 फीसदी व्यक्तियों के परिवारों में एचएलए–मैचिंग डोनर है। इस बाधा के बावजूद, ये प्रत्यारोपण कई रक्त विकारों के लिए सबसे प्रभावी उपचारों में से एक है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) भारत में लगातार बढ़ रहे हैं और लगभग 2,500 प्रत्यारोपण सालाना किए जाते हैं। पांच साल पहले ये आंकड़ा 500 से भी कम था। उन्होंने बताया कि वैसे तो देश में बीएमटी केंद्रों की संख्या बढ़ रही है लेकिन यह वास्तविक जरूरत के मुकाबले 10 फीसदी से भी कम है। यह रक्त विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जीवन रक्षक उपचार के रूप में अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण के महत्व पर प्रकाश डालता है।'' डॉ. अर्चना कुमार, एचओडी पैडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी एंड हेमेटोलॉजी, रक्त विकारों की शुरुआती पहचान के महत्व पर जोर देती हैं। उन्होंने कहा, ''शुरुआती निदान रक्त विकारों के सफल उपचार के लिए महत्वपूर्ण है। जो रोगी अपने जोखिम कारकों से अवगत हैं या जो नियमित जांच के लिए अपने डॉक्टरों से मिलते हैं, उन्हें रक्त विकार के कोई भी संकेत होने पर तुरंत विशेषज्ञों के पास भेजा जा सकता है। इसकी प्रारंभिक पहचान ऐसे विकार रोगों की प्रगति को रोकने में मदद कर सकते हैं।'' अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ में पांच बोन मैरो ट्रांसप्लांट का सफल समापन एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, और टीम उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बहुत प्रशंसा की पात्र है।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में "डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया" का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डाइट परिसर में राज्य मंत्री दुर्गाशंकर मिश्र (स्वतंत्र प्रभार) आयुष एवम खाद्य सुरक्षा, डायट प्राचार्य राकेश सिंह , बी. एस. ए. डॉ.गोरखनाथ पटेल तथा वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह, प्रभारी वरिष्ठ डॉ रवीन्द्र नाथ यादव,एवं डिटॉल बनेगा स्वस्थ भारत के प्रायोजक संजय सिंह के कर कमलों से दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। राज्य मंत्री के स्वागत में प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा डिटॉल बनेगा स्वास्थ्य इंडिया के सदस्यों ने स्वच्छता गीत गाकर कार्यक्रम को चार चांद लगाया। इस अवसर पर मंत्री दुर्गा शंकर मिश्र ने बेसिक शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन को सराहा तथा बताया कि पहले ना पढ़ने की सजा गरीबों को उठाना पड़ता था, आज शिक्षा सर्व सुलभ है इसलिए सभी को शिक्षित होने का अवसर मिल रहा है, बेसिक शिक्षा में ससमय किताब का मिलना, स्कूल चलो अभियान, निपुण लक्ष्य, आपरेशन कायाकल्प, का प्रभावी क्रियान्वयन होना अतिउत्तम बताया। इसके लिए मंत्री ने शिक्षकों, अधिकारियों तथा सरकार को प्रतिबद्ध होना बताया। स्वास्थ्य की चिंता कोरोना काल से तेज हुई, तथा पीपल बरगद पाकड़ के वृक्ष को अति महत्व देने व गीता में भगवान श्री कृष्ण द्वारा कहा गया है कि मैं वृक्ष बनू तो पीपल बनू , के द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य के मूल मंत्र को समझाया। प्राचार्य अपने सम्बोधन में बताये कि डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के द्वारा जौनपुर को स्वस्थ, स्वच्छ बनाया जा सकता है तथा स्वस्थ शिक्षित व



सुरक्षित बच्चा रूपी पौधा ही अगला मंत्री, डीएम व सीएम बनेगा इसी क्रम में बी.एस.ए. डॉ गोरखनाथ पटेल ने प्राथमिक स्कूल के बच्चे व सभी लोगों को साफ–सफाई व सैनिटाइज पर विशेष जोर दिया तथा स्वस्थ समाज का विकास कर सभी शिक्षकों व लोगों से अपील किया। वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह द्वारा डिटॉल के महत्व को बताते हुए स्वस्थ शिक्षा, स्वस्थ मानव की कल्पना को साकार करना बताया गया। इसी क्रम में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के प्रायोजक संजय सिंह द्वारा कार्यक्रम को जौनपुर में विस्तार से कराए जाने की रूपरेखा को समझाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ० रवींद्र नाथ, प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा, नवीन सिंह, डॉ. अश्वनी पांडे, मिथिलेश कुमार , डॉ०सोनू भारती, दुर्गेश यादव ,विनय यादव, उदय नारायण यादव, एवं ह्यूमाना से डा चंद्रशेखर , प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका तथा बच्चों का सराहनीय योगदान रहा ,कार्यक्रम का संचालन नीरज मणि तिवारी ने किया।

# हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम की सुलह इस्लाम की बका और मजबूती के लिए थी –मौलाना महफुजुल हसन खां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शीया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर में रमजानुल मुबारक के तीसरे जुमा में काफी संख्या में नमाजियो ने नमाजे जुमा अदा किया आज 15 रमजानुल मुबारक हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम की विलादत (जन्मदिन) होने के नाते नमाजे जुमा के खुत्बे में इमामे जुमा मौलाना महफुजुल हसन खां ने हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम की सीरत पर रोशनी डालते हुए कहा कि अहलेबैत (अ.स ) का हर अमल अल्लाह की खुशनुदी और मर्जी के मुताबिक होता है , इमाम हसन अलैहिस्सलाम की सुलह इस्लाम की बका और मजबूती के लिए थी , हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.व) व अहलेबैत (अ .स ) की कुर्बानियों को कोई मुसलमान भूला नहीं सकता है। उन्होंने यौमे कुदस पर रोशनी ड़ालते हुए कहा कि अगले जुमे में यौमे कुद्दस के मौके पर बैतुल मुकद्दस की बहाली के लिए शिया जामा मस्जिद में



विशेष दुआ एवं कार्यक्रम का आयोजन है । इमामे जुमा मौलाना महफुजुल हसन खां एवं शीया जामा मस्जिद नवाब बाग जौनपुर के मुतवल्ली शेख अली मंजर ड़ेजी ने इमाम हसन अलैहिस्सलाम की विलादत के मौके पर मुबारकबाद पेश की । जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी के सदस्यों ने नमाजे जुमा को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने में नमाजियो के सहयोग पर आभार जताया।

# कारागार विभाग के साढ़े तीन हजार रिक्त पदों को भरेगी सरकार : समूह क से लेकर घ तक के पद हैं खाली

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में खाली पदों को भरने की तैयारी कर रही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग और गृह विभाग को उच्च स्तरीय बैठक में भर्ती का खाका तैयार करने के आदेश दिये हैं। ऐसे में जल्द ही इन पदों को भरने के लिए शासनादेश जारी किया जा सकता है। मालूम हो कि वर्तमान में कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में कुल साढ़े तीन हजार से अधिक पद खाली हैं। यह पद समूह क से लेकर घ तक के हैं। शासन स्तर पर तैयार हो रहा रिक्त पदों का खाका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में गृह विभाग के साथ कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने उन्हे अवगत कराया कि वर्तमान में विभाग में कुल 3504 पद खाली हैं। उन्होंने बताया कि विभाग में समूह क के 156 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 107 पद रिक्त हैं। इसी तरह समूह ख के 738 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 326 पद खाली हैं। वहीं समूह ग और घ में क्रमशः 10543 और 682 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से क्रमशः 2808 और 263 पद खाली हैं। ऐसे में कुल 12119 स्वीकृत पद के सापेक्ष वर्तमान में 8769 पद पर कर्मी तैनात हैं, जबकि शेष पद खाली हैं। इसी तरह जेल वार्डर के 7815 पदों के सापेक्ष 2068 पद खाली हैं, जिसके लिए विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को पत्र लिखा गया है। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया मई में शुरू हो सकती है। चिकित्साधिकारी और फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर भी होगी तैनाती वहीं चिकित्साधिकारी के 153 पदों के सापेक्ष 36 पद खाली हैं। इन पदों पर तैनाती चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाती है। ऐसे में विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेज दिया है। इसके साथ ही फार्मासिस्ट के 149 पदों के सापेक्ष 89 पद खाली हैं, जिसके लिए



अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को पत्र के जरिये अवगत करा दिया गया है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि रिक्त पदों की वजह से कारागारों को सुचारू रूप से चलाने में समस्या आ रही है। साथ ही जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन को विभाग में खाली पदों का खाका तैयार कर नियमानुसार रिक्त पदों को भरने के लिए शासनादेश जारी करने के निर्देश दिये थे, जिस पर शासन स्तर पर कार्रवाई चल रही है। जानकारों की मानें तो जल्द ही इन रिक्त पदों को लेकर भर्ती का शासनादेश जारी किया जा सकता है।

# अयोध्या रामलला मंदिर प्रगति की तस्वीर ट्रस्ट ने किया जारी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या रामलला के मंदिर निर्माण की प्रगति की तस्वीर को ट्रस्ट ने जारी किया, छत निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। रामलला के भूतल के



खंभों के ऊपर बीम के पत्थर रखें गये है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने नव निर्माण राम मंदिर की फोटो जारी किया है। सोशल मीडिया पर फोटो साझा कर मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी भी दी है।

# जालसाजी व चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार : मुख्य आरोपी फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी चौकी अंतर्गत एक युवक को पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही मुख्य आरोपी फरार है। पुलिस ने जालसाजी व चोरी का सामान खरीदने के आरोप में युवक को जेल भेज दिया है। क्षेत्र के बेहड़ा गेट पर बुधवार रात लगभग दस बजे मुखबिर की सूचना पर थानागद्दी चौकी प्रभारी युगल किशोर राय ने भरोशा करते हुए जब पहुँचे उसी समय बेहड़ा गेट पर गुरुप्रसाद शुक्ला (कोमल) पुत्र दिनेश शुक्ला निवासी ग्राम बेहड़ा चोरी की बाइक सीटी हंड्रेड लेकर आ गया, आते ही पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गाड़ी के बारे में बताने में असमर्थता जताई वही पुलिस ने जब चेचिस नम्बर की जांच की तब गाड़ी नम्बर किसी दूसरे गाड़ी का था व चेचिस नम्बर को ग्राइंडर से मिटाने का प्रयास किया गया है। इन दौरान कोमल शुक्ला ने बताया कि उसने यह गाड़ी एक सप्ताह पूर्व बेहड़ा गाव के एक अधेड़ से ली थी। जब पुलिस ने अधेड़ से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसने पहले फोन पर बात की और बाद में फोन बंद करके फरार हो गया। पुलिस ने उसे मुख्य आरोपी बनाया है और उसकी तलाश में हर संभावित स्थान पर दबिश दे रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक युगल किशोर राय, मुख्य आरक्षी संतोष कुमार, मिथिलेश सिंह, लल्लन सिंह रहे। इस बाबत चौकी प्रभारी थानागद्दी युगल किशोर राय ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपी पुलिस की हिरासत में होगा।

# भाजपा की सोच सदैव राष्ट्रवादी –सुशील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गाजीपुर जनपद के प्रभारी सुशील कुमार उपाध्याय ने कहा कि भाजपा की सोच सदैव से राष्ट्रवादी रही है। पार्टी ने पंच निष्ठाएं तय की हुई हैं, राष्ट्रीयता, लोकतंत्र, गांधीवादी समाजवाद, सर्वधर्म समभाव तथा मूल्यों पर आधारित राजनीति हमारी प्राथमिकताएं हैं। इन सिद्धांतों पर चलकर ही पार्टी ने मात्र दो सांसद से शुरुआत करते हुए आज कम समय में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता प्राप्त की है। श्री उपाध्याय गुरुवार को बूथ 226 उमरछा पर भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद बूथ समिति के सदस्यों और पन्ना प्रमुखों के बीच अपने संबोधन में कही। श्री उपाध्याय ने कहा कि हमारे लिए राजनीति सेवा का माध्यम है। इसलिए हम अपनी राष्ट्रवादी सोच रखने वाले अन्य संगठनों के साथ मिलकर सदैव राष्ट्रवादी विचारधारा का पोषण करते आ रहे हैं। इस दौरान भाजपा मंडल मंत्री अनिल गुप्त, सूरज शुक्ल, राजेश शुक्ल हीरामणि उपाध्याय, हरिशकर शुक्ल, संतोष, श्यामलाल गौतम, रणजीत गौतम सहित दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने अटेवा की पेंशन मॉग को दिया समर्थन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है इसे लेकर रहना है इसी क्रम में अटेवा जौनपुर के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ जौनपुर के यशस्वी अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह जी से उनके



कार्यालय कलेक्ट्रेट नजारत पर मुलाकात की और उन्हें आमंत्रण पत्र देकर सहयोग की अपील कीस जिस पर अध्यक्ष जी ने पेंशन संवैधानिक मार्च 16 अप्रैल को संघर्ष मे पूरा सहयोग व समर्थन के लिए आशस्वस्त किया, और इस लड़ाई में साथ लड़ेंगे और जीतेंगे की बात दोहराई स इस मौके पर अटेवा जौनपुर के जिला संयोजक चंदन सिंह, जिला कार्यक्रम प्रभारी इंदु प्रकाश यादव जिला संगठन मंत्री सुभाष सरोज अध्यक्ष अटेवा बरसठी रत्तीलाल निषाद पूर्व अध्यक्ष कलेक्ट्रेट शिव मोहन श्रीवास्तव ,प्रवीन श्रीवास्तव आदि लोग रहे।

# सर्राफा व्यापारी रामनारायण मामा का हृदय गति रुकने से देहात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर के प्रसिद्ध सर्राफा कारोबारी का अचानक निधन हो गया। शहर के मोहल्ला कसेरी बाजार में स्थित फार्म रामनारायण मामा जी की गहने जेवर की दुकान है। शुक्रवार की सुबह लगभग 9:00 राम नारायण सेठ मामा अपनी दुकान पर पहुंचे। साफ सफाई के बाद वह अपनी गद्दी पर बैठे। कुछ ही देर बाद वह अचेत होकर गिर पड़े। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक उनका निधन हो चुका था। उनके निधन पर बड़ी संख्या में सर्राफा कारोबारी उनके प्रतिष्ठान पर पहुंच गए और शोक व्यक्त किया। इस दुखद घड़ी में सर्राफा अध्यक्ष अमर जौहरी ने गहरा दुख प्रकट करते हुए परिवार के प्रति दुख व्यक्त किए और ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया।

## झोपड़ी में आग लगने से दो बच्चों की जलकर मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : झोपड़ी में आग लगने से दो मासूम जिंदा जल गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के मखाई पुरवा गांव में झोपड़ी में आग लगने से दो मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। गांव के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मखाई पुरवा निवासी तेजराम की पत्नी ने शुक्रवार को खाना बनाने के लिए चूल्हा जलाया। उसके बाद शौच के लिए चली गई। वहीं, परिवार के अन्य लोग खेतों पर काम करने के लिए चले गए। इस दौरान घर में सिर्फ तेजराम का बेटा ज्ञानेंद्र (5) और बेटी नन्हीं (3) मौजूद थे। अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते पूरी झोपड़ी जलकर खाक हो गई । इससे घर के अंदर मौजूद मासूम ज्ञानेंद्र व नन्ही की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तारुन थाना क्षेत्र में देर रात एक अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी हुई है। बाजारवासियों के मुताबिक बुधवार की रात 9:45 बजे के करीब तारुन–लालगंज मार्ग पर कस्बा स्थित खादी ग्रामोद्योग आश्रम के समीप 50 वर्षीय एक अधेड़ सड़क के किनारे मृत अवस्था में पड़ा मिला। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।थानाध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने बताया मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# परिवहन विभाग का तोहफा : राष्ट्रीय व राजकीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक स्मार्ट कार्ड के जरिए करेंगे मुफ्त यात्रा

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के वो शिक्षक जो राष्ट्रीय या राजकीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं उन्हें योगी सरकार स्मार्ट कार्ड के माध्यम से यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ देने जा रही है। परिवहन विभाग की ओर से की गई पहल पर शिक्षा निदेशक, बेसिक एवं माध्यमिक ने सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों व डीआईएसओ को इस संबंध में पत्र लिखकर ऐसे सभी पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की डिटेल एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग की ओर से परिवहन विभाग को सूची उपलब्ध कराने के बाद लाभार्थी शिक्षक को स्मार्ट कार्ड के लिए स्वयं अप्लाई करना होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय / राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए कूपन आधारित यात्रा 4000 किमी प्रति वर्ष की सीमा तक निर्धारित की गई है। पांच वर्ष के लिए जारी होगा कार्ड परिवहन निगम द्वारा अपनी नई बस टिकटिंग योजना के अन्तर्गत लागू की जा रही ईटीआईएम (स्मार्ट कार्ड) के माध्यम से टिकट जारी किए जाने की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय/ राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को निगम द्वारा विशेष स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। इन स्मार्ट कार्ड को टिकटिंग मशीन पर टैप करने पर शून्य मूल्य का टिकट जारी होगा, जिसमें बस नम्बर, कहां से कहां तक की यात्रा है, का विवरण अंकित होगा। इस प्रकार जारी स्मार्ट कार्ड्स से की गई यात्राओं एवं उससे सम्बन्धित समस्त एमआईएस क्लॉउड आधारित डाटा सर्वर पर प्राप्त होगा, जिससे राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के लिए जारी टिकटों के आधार पर प्रतिपूर्ति की धनराशि का वास्तविक आगणन निदेशक बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा को उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्ट कार्ड का मूल्य लाभार्थी को स्वयं वहन करना होगा। कार्ड की आयु 5 वर्ष है। खोने या जमा होने की स्थिति में



नया कार्ड लाभार्थी को धनराशि का भुगतान करते हुए प्राप्त करना होगा। स्मार्ट चिप में होगा सम्पूर्ण विवरण स्मार्ट कार्ड के लिए पुरस्कृत शिक्षक लाभार्थी को अपने आधार कार्ड एवं निदेशक बेसिक/ माध्यमिक शिक्षा द्वारा प्राप्त परिचय पत्र के साथ शिक्षक का प्रमाणित फोटो लगा हो, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि परिचय पत्र धारक राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापक है, के साथ परिवहन निगम के किसी भी जनपद के स्टेशन पर जाकर प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप में अपना विवरण अंकित करना होगा। आधार कार्ड एवं शिक्षा विभाग द्वारा जारी परिचय पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध करानी होगी। आधार कार्ड का ऑथेंटिकेशन प्राप्त होते ही स्मार्ट कार्ड काउंटर से उपलब्ध होगा। कार्ड का मूल्य 100/– तथा 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगी जिसका भुगतान शिक्षक को ही करना होगा।कार्ड में स्मार्ट चिप लगा होगा, जिसमें शिक्षक का सम्पूर्ण विवरण फीड होगा। ऑनलाइन भी कर सकेंगे अप्लाई लाभार्थी के पास डेबिट और क्रेडिट कार्ड की तरह नाम व फोटो सहित पर्सनलाइज्ड स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने का भी विकल्प होगा। काउंटर पर एप्लिकेशन जमा करने के 7 कार्यदिवस में कार्ड जारी किया जाएगा। एसएमएस पर कार्ड तैयार है कि सूचना मिल जाएगी। लाभार्थियों के पास स्मार्ट कार्ड के लिए ऑनलाइन अप्लाई करने का भी विकल्प होगा। इसके लिए उन्हें परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com पर लॉगिन करना होगा, जहां उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना विवरण एवं फीस जमा करनी होगी।

# विपक्षी पार्टियां देशहित के कार्य को छोड़कर जातिगत और वोट बैंक की राजनीति करती हैं –पप्पू माली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस पार्टी जौनपुर की मासिक बैठक जिला कार्यालय वाजिदपुर में शिव नायक पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।बैठक में मुख्य रूप से निकाय चुनाव और 2024 की संगठनात्मक समीक्षा की गई।उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने संबोधन में राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि निकाय चुनाव पार्टी के लिए 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण है।श्रीमाली ने कहा कि आज पार्टी की छवि केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री तथा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल द्वारा सदन में गरीबों, पिछड़ों और शोषित वर्ग की आवाज उठाने वाली प्रमुख चेहरे के रूप में उभरी हैं।उन्होंने सपा, बसपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि जातिवाद ,धर्म, संप्रदाय और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली विपक्षी पार्टियां इस समय बैकफुट पर हैं।विपक्षी पार्टियां देशहित के कार्य को छोड़कर जातिगत और वोट बैंक की राजनीति करती हैं। अपने उद्बोधन में कहा कि विकासवाद की राजनीति न करके केवल देश और समाज को बांटने वाली पार्टियों को आगामी लोकसभा चुनाव और इस बार निकाय चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। उनकी जमानत जब्त करेगी जिससे सूपड़ा साफ हो जाएगा।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रयास है कि एनडीए गठबंधन के तहत निकाय चुनाव लड़ा जाए और हमारी पार्टी तैयारी में पूरी ताकत के साथ लग गई है । नगर पालिका जौनपुर, टाउन एरिया बदलापुर, मड़ियाहूं, रामपुर और जफराबाद टाउन एरिया में कुछ सभासद वार्ड में अपने कार्यकर्ता पदाधिकारी को चुनाव लड़ाया जाएगा जिससे हमारी पार्टी गठबंधन के तहत एक बड़ा तोहफा देगी। जौनपुर



टाउन एरिया लंबे समय से बसपा के कब्जे में रहा है । करीब 20 वर्षों से जड़ जमाए हुए जनप्रतिनिधि ने निरंतर क्षेत्र का शोषण किया है। यहां की जनता अब नए प्रत्याशी को चुनकर यहां के विकास का नया इतिहास लिखेगी। जनता अब की बार बदलाव के मूड में है ।हर जाति धर्म और दूसरी पार्टियों के लोग भारी संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं जिससे पार्टी जमीनी स्तर पर मजबूत हो चुकी है। अबकी बार निकाय चुनाव 2024 के चुनाव का सेमी फाइनल करेगा जो इस चुनाव में जीत हासिल करेगा वही फाइनल का मैच अर्थात लोकसभा का चुनाव जीतेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हर बूथ पर संगठन सक्रिय है और निकाय चुनाव में जो भी गठबंधन के तहत सीट प्राप्त होगी शत–प्रतिशत परिणाम आएंगे। इसके लिए चाहे कार्यकर्ताओं को अपने जान की बाजी क्यों न लगा देनी पड़े।संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद यादव ने किया। बैठक में अनिल जायसवाल, संदीप पटेल, मान सिंह पटेल, डॉ. केशव पटेल, मुन्ना गौतम, अनिल पटेल, राजेश जायसवाल, राजेश सोनकर ,महेंद्र मौर्य, संजय मोदनवाल, संतोष चौरसिया, रामसुंदर पटेल, राजेंद्र प्रजापति, संतोष सिंह, लाल प्रताप पाल ,सुधीर सोनकर, राजू दुबे, मनोज कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# शरारती तत्वों ने की चौरा माता मंदिर में तोड़फोड़ : आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के लंका थाने से चंद कदम की दूरी पर नगवा चौकी मार्ग पर स्थित चौरा माता मंदिर में बीती रात शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। मंदिर के भीतर स्थापित सरस्वती माता की मूर्ति खंडित कर दिया। साथ ही चौरा माता की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा–बुझाकर सभी को शांत कराया। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। चौरा माता मंदिर में तोड़फोड़ करने की जानकारी शुक्रवार सुबह दब हुई जब लोग दर्शन–पूजन करने के लिए पहुंचे। मंदिर में खंडित प्रतिमाओं को देख हंगामा मच गया। मौके पर भारी संख्या में भीड़ जुट गई। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर नगवा–लंका मार्ग को जाम कर दिया। सूचना के बाद एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार सहित प्रभारी निरीक्षक लंका अश्वनी कुमार पांडे फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।




आक्रोशित लोगों को समझा–बुझाकर उन्हें कराया और चक्का जाम खत्म कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि माहौल खराब करने के लिए मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। नगवा वार्ड के पार्षद रविंद्र सिंह ने लंका थाने में तहरीर देकर मंदिर में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस हमलावरों की तलाश में मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। इस पूरे प्रकरण में पुलिस कहा कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## अयोध्या राम नगरी में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के आगमन से पूर्व स्वागत की चल रही बड़ी तैयारियां

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद एकनाथ शिंदे पहली बार भगवान राम की नगरी अयोध्या 9 अप्रैल को आएंगे। उनके आगमन से पूर्व यहां पर शु भव्य स्वागत सम्मान की तैयारियां चल रही हैं। पूरी अयोध्या को भगवा में कर दिया गया। सिवसेना के हार्डिंग बोर्डिंग से पाट दिया गया है शहर को। अयोध्या के सभी धर्मगुरु उन्हें आशीर्वाद देंगे। सिद्धपीठ संकट मोचन हनुमान किला मंदिर के पीठाधीश्वर महंत परशुरामदास महाराज ने बताया है कि महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे अयोध्या आ रहे हैं। उनका स्वागतकर साधु संत उन्हें अपना आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या से एकनाथ शिंदे का गहरा नाता है। वे अयोध्या आकर रामलला का दर्शन के उपरांत साधु संत धर्मगुरुओं से आशीर्वाद लेंगे। संत जन उन्हे आशीर्वाद देंगे। महंत परशुराम दास जी ने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आ रहे हैं। जिसके चलते राम नगरी में खासा उत्साह देखा जा रहा है। तैयारियां भी व्यापक रूप से चल रही हैं। उनका वृहद स्वागत के उपरांत धर्मगुरु आशीर्वाद देंगे। बताते चलें कि 9 अप्रैल को लगभग 11:00 बजे वे अयोध्या आएंगे और सबसे पहले भगवान राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। फिर मीडिया से मुखातिब होंगे। अयोध्या के धर्मगुरुओं से आशीर्वाद लेंगे और शाम को मां सरयू का आरती पूजन करेंगे। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शिवसेना के लोग शामिल होंगे।

## नरसिंह मन्दिर के शिष्यों ने पुलिस प्रशासन को दिया अल्टीमेटम : लापता गुरु न मिले तो विधानसभा पर करेगें आमरण अनशन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। कोतवाली के रायगंज चौकी के सन्निकट नरसिंह मन्दिर के विगत 10 जनवरी से रहस्यमय ढ़ंग से लापता श्रीमहंत राम शरण दास को पुलिस खोजने में अब तक कोई सुराग नही लगा सकी है जिससे उनके शिष्यों में रोष व्याप्त हो गया है। और पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम भी दिया है। शिष्या किरन सिंह व शिष्य सूरज दास ने अयोध्या के आईजी जोन से मुलाकात कर एक ज्ञापन दिया गया है जिसमे कहा गया है कि मन्दिर की सम्पति के लालच में कुख्यात अपराधी राजकुमार दास व राम शंकर दास ने हत्या कर दी है। पुलिस प्रशासन आज तक खोज नही पाई इसलिए पुलिस की कार्यशैली से क्षुब्ध हो कर लखनऊ विधानसभा के सामने आमरण अनशन पर बैठेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी आईजी जोन ने तीन दिन का समय शिष्यों से मांगा है और सीओ अयोध्या को इस मामले में खुलासा न कर पाने पर फटकार भी लगाया है।

### दुनिया के 155 देशों के जल से होगा भगवान राम के मंदिर का जलाभिषेक

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।जलाभिषेक दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष पूर्व दिल्ली के विधायक डॉ विजय जॉली के नेतृत्व में भगवान राम के मंदिर का जलाभिषेक किया जाएगा। 23 अप्रैल को जलाभिषेक करने का निर्णय किया गया है, रामलला के मंदिर के जलाभिषेक के कार्यक्रम मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और योग गुरु स्वामी रामदेव होंगे। विश्व हिंदू परिषद आरएसएस के पदाधिकारी समेत 20 से अधिक देशों के प्रवासी भारतीय सहित अनेक देशों के राजनायिक भी शामिल हो सकेंगे। टिनीटॉड,टोबैगो, सुरनाम,मॉरीशस फिजी थाईलैंड यूक्रेन रसिया समेत पाकिस्तान से लाया अभिषेक के लिए जल लाया गया है। मणिराम दास छावनी के सभागार में सामूहिक आयोजन के साथ किया जाएगा। संत महंत भी ह शामिल होंगे। बिरला धर्मशाला से राम जन्म भूमि परिसर सभी मेहमान जाएंगे और रामलला का दर्शन–पूजन करेंगे और अपने–अपने देशों से लाए जल को निर्माणाधीन स्थल के चारों तरफ भगवान को समर्पित करेंगे।

## नियमित टीकाकरण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में नियमित टीकाकरण की उपलब्धि बढ़ाने के लिए शासन के नवीनतम दिशा निर्देश के अनुसार हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर तैनात सी एच ओ (कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर) को भी नियमित टीकाकरण अभियान से जोड़े जाने के लिए डब्लू एच ओ द्वारा जनपद के सभी सी एच ओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आज से होटल शाने अवध में आरम्भ हुआ जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सी एच ओ को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किए जाने को लेकर बताया कि सी एच ओ के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल होने से जनपद में नियमित टीकाकरण उपलब्धि में इसका अवश्य लाभ मिलेगा। इस प्रशिक्षण में सभी सी एच ओ को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम,कार्ययोजना,टीकाकरण सारणी, वैक्सीन प्रिवेंटिव डिजीज सर्विलांस, आउट ब्रेक, लेफ्ट आउट, ड्रॉप आउट आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। नियमित टीकाकरण पर प्रशिक्षण जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा दिलीप सिंह, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा राजेश चौधरी एवम डब्लू एच ओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डा आशू सिंह एवम श्री अभिषेक मनचंदा द्वारा दिया जा रहा है।

# रघुवंशी अयोध्यावासी सेवा संस्थान ने धूम धाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। भगवान श्री राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली मंदिर में संस्था द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया व प्रसाद वितरण किया गया। वहीं संस्था के अध्यक्ष लवकुश जी ने हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अयोजन आप सभी के सहयोग आगे भी संस्था द्वारा होता रहेगास मन्दिर के महंत जी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी की उपासना करने से साधक के सभी दुख दूर हो जाते हैं और जीवन में सुख समृद्धि का आगमन होता है। संस्था क्रम में रोहित पाठक जी , शास्त्री जी, राम सूरत चौरासिया,अजय विश्वकर्मा, आदित्य



प्रताप,अमरजीत,सतेंद्र यादव, संत प्रकाश, राहुल,प्रवीण,शिवम,जितेंद्र , अभिनव, आलोक प्रताप सिंह आदि मोजूद रहे।

## जेसीआई चेतना ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कैंप लगाकर कराया निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई चेतना ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कैंप लगाकर निशुल्क डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और दांत का चेकअप मानिक चौक स्थिति डॉ प्रशांत द्विवेदी के नर्सिंग होम प्रकाश डेंटल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर पर आयोजित किया, संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने कहा कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है समय–समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप अवश्य कराना चाहिए डॉ प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक नागरिकों को वर्ष में एक बार अपने शरीर की जांच अवश्य कराना चाहिए जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर यह दोनों बहुत महत्वपूर्ण होते हैं विशेषकर 35 वर्ष की उम्र के बाद स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए कैंप में संस्था सदस्यों के साथ कुल लगभग 70 लोगों का निशुल्क जांच किया



गया कैंट में संस्था की सचिव मीरा अग्रहरि,मंजू जायसवाल,शारदा गुप्ता, मीनू बरनवाल,आकांक्षा द्विवेदी,ममता केसरवानी,किरण जायसवाल उपस्थित रही,सभी का आभार डॉ आकांक्षा द्विवेदी ने व्यक्त किया!

## सैकड़ों बीघा गेंहू की फसल जलकर हुई राख

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : तहसील शाहाबाद क्षेत्र के गांव आगमपुर में अज्ञात कारणों के चलते गेहूं के खेतों में आग लग गयी।जिसके चलते किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी।आपकी लपटें इतनी भंयकर थी कि देखते ही देखते किलोमीटरों की रेंज में गेहूं के खेतों को अपने आगोश में ले लिया।आग की लपटों में दर्जनों किसानों के सपने भी खाक हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शाहाबाद के गांव आगमपुर में शाहाबाद पाली मार्ग से जुड़े पूरब तरफ खेतों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी। खेतों में धुआं व आग की लपटें देखकर ग्रामीण दौड़े।उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। घटनास्थल पर फायर बिग्रेड के पहुंचने से पहले आग पर काबू पाया जा चुका था। घटनास्थल पर नायब तहसीलदार ने मौका मुआयना कर प्रभावित किसानों को आग से हुये नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया है। आग से प्रभावित किसानों में छोटे पुत्र शुक्लू, रामसनेही, पुत्र साहब लाल,मुख्तयार सिंह,शीशासिंह आदि दर्जनों किसान बताये जा रहे हैं।

## नेपाल की धरती पर ''विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह 2023 में डॉ. ताराचंद 'तन्हा' होंगे सम्मानित

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। WTI AF NEPAL संस्था के संस्थापक और विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह 2023 के संयोजकध्आयोजक श्री आनन्द गिरि मायालु जी ने world talent international award 2023 की सूची जारी करते हुए बताया कि सूची संख्या 29 में पहले स्थान पर श्रीराम की धरती अयोध्या से अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध हास्य – व्यंग्य कवि एवं फिल्म स्टोरी व लिरिक्स राइटर सोनी सब टीवी मुम्बई के ''वाह वाह'' मेगा विनर –2006 (स्विफ्ट कार विजेता) और ''वाह वाह क्या बात है'' में ''कविता के छुपे रुस्तम'' सम्मान प्राप्त, डॉ. ताराचंद 'तन्हा' जी का भगवान बुद्ध व मां सीता की धरती तथा सती के 52 शक्ति पीठों में से एक बागेश्वरी धाम नेपाल में आयोजित ''विश्व प्रतिभा अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह नेपाल में दिनांक 25 मई 2023 को देश विदेश की तमाम हस्तियों के साथ होगा डॉ. 'तन्हा' का सम्मान । देश विदेश से प्राप्त आवेदन 6897 में से केवल 300 प्रतिभाओं का हुआ चयन।

## अग्नि पीड़ित परिवारों को विधायक प्रतिनिधि भगवान बक्श सिंह ने गांव पहुँच बांटी राहत सामग्री

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीकापुर तहसील क्षेत्र के सराय खरगी दलित बस्ती के अग्नि पीड़ित परिवारों को गुरुवार दोपहर गांव पहुँच गोसाईगंज सपा विधायक अभय सिंह के पिता ने राहत सामग्री बांटी और विधायक प्रतिनिधि के हाथों राहत सामग्री पाकर अग्नि पीड़ित परिवारों के चेहरे खिल उठे। इस आगजनी की घटना में 5 लोगों का आवासीय छप्पर और घर गृहस्ती का सामान जलकर राख हो गया था। इस घटना में आग की चपेट में आने से एक करीब 65 वर्षीय वृद्धा भी गंभीर रूप से झुलस गई थी। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगजनी में 4 मवेशी भी झुलस कर घायल हो गये और एक बाइक और 4 साइकिल भी आग की भेंट चढ़ गई। बताया गया कि बुधवार दोपहर अचानक लगी आग से गांव में हलचल मच गई। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का पूरा प्रयास किया गया लेकिन दोपहर में हवा तेज होने के चलते काफी दिक्कत हुई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर दस्ता बीकापुर की टीम द्वारा ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाया गया। हल्का लेखपाल रामफूल द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर आगजनी में हुये नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसीलदार को भेज दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू पाठक ने बताया कि आगजनी से प्रभावित पीड़ित परिवार बहुत ही गरीब हैं और आगजनी में लाखों का नुकसान हुआ है।लहुर सरैया में भीषण आग लगने से सब कुछ जल गया। पीड़ित अग्नि पीड़ित परिवारों में ओम प्रकाश चौहान,सन्तराम चौहान, राम प्रसाद पासी, शिवप्रसाद पासी ,हरीराम पासी, सियाराम, कल्लूराम,हीरालाल, बिश्राम ,राम केवल, मोतीलाल, पांचू राम, रामजग को विधायक प्रतिनिधि भगवान बक्श सिंह ने अंग वस्त्र, व आर्थिक मदद देकर उनका सहयोग किया। इस मौके पर सपा नेता भारत वर्मा भी रहे मौजूद।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अवध प्रांत द्वारा कराया गया पर्यावरण कार्यशाला एवं ग्राहक गोष्ठी कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीते गुरुवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत अवध प्रांत लखनऊ द्वारा 12 विष्णुपुरी चर्च रोड अलीगंज लखनऊ में पर्यावरण कार्यशाला एवं ग्राहक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उव प्रव डाव प्रमोद पांडे के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने पर्यावरण विषय पर विस्तृत चर्चा की गई और बताया कि कैसे छोटी–छोटी छोटी–छोटी बातों को ध्यान में रखकर हम पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते हैं जैसे शैंपू का पाउच उपयोग करते हैं तो शैंपू का एक कोना फाड़कर कर हम वही छोड़ देते हैं जिससे नालियां चोक होती हैं और प्लास्टिक ना तो सड़ती है ना तो गलती है पर्यावरण हमारा है तो उसके सुरक्षा का दायित्व भी हमारा ही है और उन्होंने बताया अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी रहे हैं और इसी सोच से हमारी कार्यपद्धति आज तक चल रही है। स्वामी विवेकानंद जी मानते थे कि आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा के बगैर हमारी अर्थव्यवस्था खोखली और मूल्यहीन होगी , उन्होंने राष्ट्र को जागृत करने का प्रयास किया है, हमारी सामाजिक आर्थिक नीतियों में मानवीय तत्व महत्वपूर्ण है ।परंतु विशुद्ध रूप से लाभ आधारित बाजारवाद में मानवता दम तोड़ रही है, लाभ और सर्वत्र लाभ यही नजर आ रहा है लाभ की इस प्रवृत्त ने स्वामी जी के विचारों की पुनर्स्थापना हेतु ग्राहक पंचायत आगे आया और लंबे संघर्ष के उपरांत आर्थिक अधिकारों की सुरक्षा हेतु ग्राहक कानून एवं ग्राहक न्यायालय स्थापित करवाने में सफल रहा है, हम सभी समाज के लोग जन्म से मृत्यु तक ग्राहक हैं किसी न किसी रूप में हम वस्तुओं का क्रय करते हैं या सेवाओं को क्रय करते हैं। हम ठगें ना जाए इसके लिए हमें जागरूक रहना है और अपने अधिकारों को जानना चाहिए, ग्राहक सजग रहेगा तो वस्तु की सेवा व वस्तु की गुणवत्ता पर भी ध्यान देगा । हमें इस पर भी कार्य कर रहे हैं कि किसी भी वस्तु पर उसकी एम.आर.पी. के साथ साथ उसका लागत मूल्य भी लिखा जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमानप्रांतीय अध्यक्ष अनिल खरे द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सचिव आशुतोष मिश्र द्वारा किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमान अनिल खरे जी भाई साहब द्वारा ग्राहक पंचायत के उद्देश्य एवं कार्य योजना व रतलाम में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में चर्चा की गई प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ राम प्रताप जी द्वारा संगठन संगठन के निर्माण के उद्देश्य व कार्ययोजना तथा सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई उपाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र जी द्वारा करोना काल में प्राइवेट विद्यालयों द्वारा वसूली गई फीस की 15: वापसी हेतु हम को किस प्रकार कार्य करना है इस पर चर्चा की गई वसूली गई । कार्यक्रम में श्री रमाशंकर अवस्थी प्रांतीय कोषाध्यक्ष, द्वारा बताया गया कि उन्होंने वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट राष्ट्रीय कार्यकारिणी को भेज दी गयी है । पर्यावरणविद डॉक्टर दिव्या मिश्रा ने बताया की प्लास्टिक का उपयोग बहुत ही खतरनाक है और इसको किसी प्रकार भी नष्ट किया जाता है तो पर्यावरण को नुकसान ही पहुंचता है अगर प्लास्टिक का ढेर ना जलाया जाए और ना ही मिट्टी में दबाया जाए सिर्फ उसको छोड़ दिया जाए तो भी कूड़े से एक गैस निकलती है जो ओजोन परत को नष्ट कर रही है और ओजोन परत के नष्ट होने से मानव जीवन पर तथा इस पर्यावरण पर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ रहा है इससे तमाम तरह के रोग एवं व्याधियों उत्पन्न हो सकती हैं इसका निदान यह है कि हम अधिक से अधिक अपनी प्रकृति से प्रेम करें । उक्त कार्यक्रम में डा0 दिव्या मिश्रा को पर्यावरण आयाम का आयाम प्रमुख बनाया गया तथा राजेंद्र कुमार गुप्ता एवं प्रकाश चंद बरनवाल तथा विनीत मिश्रा को प्रांतीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री प्रेमचंद्र वर्मा एवं जितेंद्र शर्मा, रविंद्र नाथ शुक्ला , नरेंद्र कश्यप, शेषनाथ तिवारी तथा अन्य ग्राहक पंचायत के सदस्य व पर्यावरण विद उपस्थित रहे।

## माफिया अतीक अहमद और उसके बेटे पर कसेगा शिकंजा : अपहरण और रंगदारी के एक और मामले में आरोप तय

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल का देवरिया जेल ले जाकर अपहरण और रंगदारी मामले में माफिया अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय हो गए हैं। उमर पर संगीन धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। इस पर अभी अतीक और उसके बेटे की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अतीक की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट में पेशी के दौरान अतीक के बेटे ने कहा कि उनके घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है। गौरतलब है कि 28 दिसंबर 2018 को कारोबारी मोहित जायसवाल ने कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि देवरिया जेल में बंद अतीक अहमद ने गुर्गों के जरिये गोमती नगर स्थित ऑफिस से उसका अपहरण करवाया था। इसके बाद अतीक ने जेल में उसके साथ मारपीट की तथा सादे पन्ने पर दस्तखत करने को कहा था। इनकार पर अतीक, उसके बेटे उमर तथा गुफरान, फारुख, गुलाम व इरफान ने तमंचे–रॉड और पट्टे से उसे पीटा था। इसके बाद जबरन स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर बनवाकर 45 करोड़ की संपत्ति अपने नाम करा ली थी। अतीक पर दर्ज हो चुके हैं 101 मुकदमे अतीक के खिलाफ कुल 101 मुकदमे दर्ज हुए। वर्तमान में कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं, जिनमें एनएसए, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। उस पर पहला मुकदमा 1979 में दर्ज हुआ था। इसके बाद जुर्म की दुनिया में अतीक ने



पीछे मुड़कर नहीं देखा। हत्या, लूट, रंगदारी अपहरण के न जाने कितने मुकदमे उसके खिलाफ दर्ज होते रहे। मुकदमों के साथ ही उसका राजनीतिक रुतबा भी बढ़ता गया। एक बार एनएसए भी लगाया जा चुका है 1989 में वह पहली बार विधायक हुआ तो जुर्म की दुनिया में उसका दखल कई जिलों तक हो गया। 1992 में पहली बार उसके गैंग को आईएस 227 के रूप में सूचीबद्ध करते हुए पुलिस ने अतीक को इस गिरोह का सरगना घोषित कर दिया। 1993 में लखनऊ में गेस्ट हाउस कांड ने अतीक को काफी कुख्यात किया। गैंगस्टर एक्ट के साथ ही उसके खिलाफ कई बार गुंडा एक्ट की कार्रवाई भी की गई। एक बार तो उस पर एनएसए भी लगाया जा चुका है।

## 13 मई 2023 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद की अनुमति से दिनांक 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें निम्नांकित विषयों से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा। प्रि–लिटीगेशन–धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन0आई0ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) है। न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)–आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन0आई0ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाए श्रम विवाद वाद, विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से सम्बंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्त लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा। उक्त जानकारी श्री शैलेन्द्र सिंह यादव अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी है।

### अनुसूचित जाति का होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सहायक निदेशक सेवायोजन पद्मवीर कृष्ण ने बताया कि राज्य सरकार की योजना के अन्तर्गत समाज के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछडी जाति के बेरोजगार शिक्षित युवक/युवतियों को सेवायोजित कराने के लिए क्षेत्रीय सेवायाजन कार्यालय अयोध्या के अन्तर्गत शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के माध्यम से एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था है। जनपद के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, 18 से 35 वर्ष के बीच की आयु के हो तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हो ऐसे अभ्यर्थी उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन पत्र शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय (निकट क्षेत्रीय बोर्डिंग हाउस, लालबाग फतेहगंज) अयोध्या में दिनांक 20 अप्रैल 2023 साथ 5 बजे तक जमा कर दें। आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस केन्द्र में निःशुल्क हिन्दी टंकण हिन्दी आशुलिपि के साथ सामान्य गणित सचिवीय पद्यति तथा बुक कीपिंग एण्ड एकाउण्टेन्सी सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी, कम्प्यूटर आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही प्रशिक्षण अवधि में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रशिक्षार्थियों को उपलब्धता के आधार पर 200 रूपये (दो सौ रूपये) प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति भी देय है। अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा आधार कार्ड के साथ इस कार्यालय में उपस्थित हो। इस हेतु कोई मार्ग व्यय आदि देय नहीं है।

## देवकाली मंदिर में धूमधाम से मनाया महाबली हनुमान जी का जन्मोत्सव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भगवान श्री राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली मंदिर में संस्था द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया व प्रसाद वितरण किया गया महंत जी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी की उपासना करने से साधक के सभी दुख दूर हो जाते हैं अब जीवन में सुख समृद्धि का आगमन होता है संस्था के अध्यक्ष लवकुश जी ने हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अयोजन आप सभी के सहयोग आगे भी संस्था द्वारा होता रहेगास उक्त कार्य क्रम संस्था संरक्षक अमित शंकर जी, रोहित पाठक जी , शास्त्री जी, राम सूरत चौरासिया,अजय विश्वकर्मा, आदित्य प्रताप,अमरजीत,सतेंद्र यादव, संत प्रकाश, राहुल, प्रवीण,शिवम,जितेंद्र , अभिनव, आलोक प्रताप सिंह आदि मोजूद रहे।

## रेलवे मैन की ट्रेन से कट कर हुई मौत : आईकार्ड से हुई शिनाख्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) महराजगंज थाना क्षेत्र के बिल्हरघाट रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन से कट कर उत्तर रेलवे के एक की मैन की मौत हो गई। मृतक के नाम और पद की शिनाख्त उसके पास मिले आईकार्ड से हुई है। हादसा गुरुवार रात 12 बजे के आसपास का बताया जा रहा। पुलिस के साथ जीआरपी घटना के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। महराजगंज अनुपम मिश्र की ओर से जारी सूचना के अनुसार रात्रि लगभग 12 बजे स्टेशन मास्टर बिल्हरघाट ने सूचना दी कि एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।